पंचदश बिहार विधान सभा

चतुर्दश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-03

मंगलवार, दिनांक- 01 जुलाई, 2014 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.05 बजे अप० तक

[1] प्रश्नोत्तरकाल :-

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न क्रम संख्या-2 सूचना एवं प्रावैधिकी विभाग को स्थानान्तरित ।

(ii) 13 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न क्रम सं०-44 स्थगित ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(v) 30 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] कार्यस्थगन :-

मा० सदस्य श्री विनोद नारायण झा, डा० अच्युतानन्द एवं श्री जवाहर प्रसाद द्वारा दिए गए कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किये जाने की घोषणा आसन द्वारा की गयी ।

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचना अन्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित मा० सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री प्रदीप कुमार

(ii) श्री दिनेश कुमार सिंह

(iii) डा० इजहार अहमद

[4] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-

(i) मा० सदस्य श्री अरूण शंकर प्रसाद एवं अन्य सभासदों का परिवहन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना अपृष्ट हुआ ।

(ii) मा० सदस्य श्री संजय सिंह (टाइगर) एवं अन्य सभासदों का पथ निर्माण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना अपृष्ट हुआ ।

"इस दौरान भाजपा के मा० सदस्यों राज्य में बिजली की अव्यवस्था के विषय को लेकर वेल में आकर नारेबाजी करने लगे । आसन द्वारा उनसे बार-बार अनुरोध किया गया कि वे अपनी सीट पर जाएँ परन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की बैठक 2.00 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।"

भोजनावकाश के बाद

समय 2.00 बजे अप० से 4.00 बजे अप० तक ।

(मा० उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[5] **वित्तीय कार्य:-वित्तीय वर्ष 2014-2015 के आय-व्ययक पर सामान्य विमर्श (दिनांक 30.06.2014 से जारी):-**

सामान्य विमर्श में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) डा० मो० जावेद

(ii) श्री दुर्गा प्रसाद सिंह

(iii) श्री रामचन्द्र सादा

(iv) श्री प्रदीप कुमार

(v) श्रीमती ज्योति रश्मि

(इस अवसर पर मा० अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

मा० प्रभारी मंत्री (वित्त) श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा सरकार की ओर से सामान्य विमर्श का उत्तर दिया गया ।

''सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर भाजपा के मा० सदस्यगण सदन से बर्हिगमन कर गए ।''

[6] **निवेदन** :-

आसन द्वारा घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 20 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएगें ।

तदुपरांत सभा की बैठक बुधवार, दिनांक 02 जुलाई, 2014 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-01.07.2014

हरेराम मुखिया

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।